भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
Securities and Exchange Board of India

# अधिकारी ग्रेड 'अ' सहायक प्रबंधक
# सामान्य, विधिक, सूचना प्रौद्योगिकी, अनुसंधान, राजभाषा, इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रिकल) और इंजीनियरिंग (सिविल) विधाओं के भर्ती हेतु चरण - I की ऑन-लाईन परीक्षा

**कृपया ध्यान दें कि यदि आपने दो से अधिक विधाओं के लिए पंजीकरण किया है, तो आपकी उम्मीदवारी केवल नवीनतम दो विधाओं में ही मानी जाएंगी ।**

**यदि आपने दो विधाओं के लिए आवेदन किया है, इस परिस्थिती में आपको एक ही सत्र में दोनों विधा के पेपर 2 में उपस्थित होना होगा । (हालांकि बुलावा पत्र जारी करते समय केवल एक ही पंजीकरण क्रमांक (नवीनतम) का उल्लेख किया गया है तथा एक ही रोल नम्बर प्रशासनिक उद्देश्य के लिए उत्पन्न किया गया है।) दोनों पदों के नाम बुलावा पत्र पर अंकित होंगे ।**

**परीक्षा के पूरा होने के बाद, उम्मीदवारों को बिना उपद्रव/चर्चा के परीक्षा हॉल/लैब से एक व्यवस्थित तरीके से बाहर जाना चाहिए । यदि किसी उम्मीदवार के खिलाफ ऐसी कोई रिपोर्ट प्राप्त होती है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी ।**

## सूचना पुस्तिका

इस पुस्तिका में आप देने जा रहे हैं उस ऑनलाइन परीक्षा संबंधी विविध पहलुओं के ब्योरे और संबंधित विषयवस्तुओं के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश हैं। आपको इस पुस्तिका का ध्यान से अध्ययन करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे आपकी परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी।

इस ऑनलाइन परीक्षा में निम्नानुसार वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्प प्रश्नावलियां होंगी :

| पेपर | विधा/विषय | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | माध्यम | अवधि | कट ऑफ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **पेपर I (सभी विधाओं के लिए)** | सामान्य सचेतता (वित्तीय कार्यक्षेत्र संबंधित कुछ प्रश्न कठिनता समतल पर आधारित होंगे) | 20 | 25 | दविभाषी - अंग्रेजी और हिंदी (अंग्रेजी भाषा की प्रश्नावली को छोडकर) | **60 मिनट** | **30%** |
| | अंग्रेजी भाषा | 20 | 25 | | | |
| | संख्यात्मक अभियोग्यता | 20 | 25 | | | |
| | तर्कशक्ति | 20 | 25 | | | |
| | **कुल** | **80** | **100** | | | |
| **पेपर II** | **सामान्य विधा** : बहुविकल्पीय प्रश्न<br>वाणिज्य, लेखांकन, प्रबंधन, वित्त, लागत निर्धारण,<br>कंपनी अधिनियम और अर्थशास्त्र से जुड़े | 50 | 100 | | **40 मिनट** | **40%** |
| | **विधिक विधा, सूचना प्रौद्योगिकी विधा, अनुसंधान विधा, राजभाषा विधा, इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रिकल) विधा और इंजीनियरिंग (सिविल) विधा** : (विधा के संबंधित विशिष्ट विषय के बहुविकल्पीय प्रश्न) | | | | | |
| **पेपर I और पेपर II समुचित कट ऑफ** | | | | | | **40%** |

परीक्षा के लिए समय (**पेपर 1 - 60** मिनट **और पेपर 2 - 40** मिनट) **100 मिनट** है; तथापि लागिंग इन, बुलावापत्र संग्रहण, निर्देश पढ़ना आदि के सहित आपको परीक्षा स्थल में लगभग 180 मिनट रहना पड सकता है । अंग्रेजी भाषा के अतिरिक्त सभी प्रश्नावलियां अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएंगी । सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा। आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक' करना है । आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा । **अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती की जायेगी । ऐसे किसी भी प्रश्न के निर्धारित अंकों में से, जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के रूप में 1/4 अंक काट लिए जायेंगे ।**

ऑनलाइन परीक्षा के स्कोर, निम्न प्रक्रिया को अपनाकर निकाले जाते हैं :

(i) गलत उत्तरों के लिए दंड लगाने के बाद, संशोधित अंकों की गणना हेतु प्रत्येक वस्तुनिष्ठ पेपर में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए सही उत्तरों की संख्या पर विचार किया जाता है ।

(ii) समीकृत अंकों की गणना हेतु, विभिन्न सत्रों में हुई पद/विधा की प्रत्येक वस्तुनिष्ठ पेपर में, कठिनाई में सूक्ष्म अंतर, यदि कोई है, का ध्यान रखने के लिए अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त संशोधित अंकों को समतुल्य किया जाता है ।*

*अभ्यर्थी द्वारा किसी भी पेपर में प्राप्त समीकृत अंकों को सभी फॉर्मों के अंकों के वितरण पर विचार करते हुए बेस फॉर्म से समीकृत किया जाता है ।

नोट : कटऑफ दो चरणों में लागू होते हैं :

(i) अलग-अलग पेपर के अंकों पर

(ii) कुल अंकों पर

**कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं । वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन या अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका कि यहाँ वर्णन नही किया गया हो ।**

नमूने के कुछ प्रश्न यहाँ दिए गए हैं ।

# नमूना प्रश्न

## पेपर-I

### सामान्य सचेतता

यह प्रश्नावली समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अतीत और वर्तमान व्यक्तियों और घटनाओं के प्रति आपकी सचेतता का पता लगाने के लिये है ।

**प्र.1.** तारापुर परमाणु बिजली संयंत्र कहाँ है ?
(1) बिहार (2) गुजरात (3) मध्य प्रदेश (4) राजस्थान (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** अब तक कुल कितने बैंक राष्ट्रीयकृत हो चुके हैं ?
(1) 7 (2) 14 (3) 20 (4) 24 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** OSCAR पुरस्कार, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये दिया जाता है ?
(1) फिल्म (2) साहित्य (3) खेल (4) विज्ञान (5) समाज सेवा

**प्र.4.** निम्नलिखित में से किस वित्तीय संस्थान ने बैंको के लिए अपने ग्राहक को जानों (know your customer) दिशानिर्देश शुरू की है ?
(1) आईडीबीआई (IDBI) (2) भा.रि.बैं. (3) नाबार्ड (4) सिडबी (SIDBI) (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.5.** निम्न में से कौन-सा पूर्वानुमानित वित्तीय विवरणों का एक भाग नहीं हो सकता है ?
(1) पूर्वानुमानित आम विवरण (2) पूर्वानुमानित ट्रायल बैलेंस (3) पूर्वानुमानित नकदी प्रवाह विवरण
(4) पूर्वानुमानित तुलन पत्र (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.6.** मूर्त निवल सम्पत्ति क्या होती है ?
(1) शेयर पूंजी + आरक्षित निधि (2) कुल चालू आस्तियां (3) अचल अस्तियां – मूल्यह्रास
(4) निवल सम्पत्ति – मूर्त अस्तिंया (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

### अंग्रेजी भाषा

इस प्रश्नावली का प्रयोजन आपके अंग्रेजी भाषा ज्ञान की परीक्षा करना है। व्याकरण, शब्दावली, वाक्य पूर्ण करना, समानार्थी, विलोमार्थी, अनुच्छेद की बोधगम्यता आदि प्रश्नों से आपके अंग्रेजी भाषा संबंधी ज्ञान की परीक्षा की जाएगी।

Read sentence to find out whether there is any grammatical or idiomatic error in it. The error, if any, will be in one part of the sentence. The number of that part is the answer. If there is no error, the answer is 'No error'. (Ignore the errors of punctuation, if any).

**Q.1.** The regaining of freedom (1) / as we well know has given rise for (2) / many dormant issues (3) / and conflicts in our society. (4) No error. (5)

**Q.2.** From the words given below the sentence, pick the word which would complete the sentence correctly and meaningfully.
Continuous unemployment has induced in the people a kind of _____ which is most depressing.

(1) laziness (2) encouragement (3) satisfaction (4) anger (5) awakening

**Q.3-5.** In the following passage there are blanks, each of which has been numbered. These numbers are printed below the passage and against each, five words are suggested, one of which fits the blank appropriately. Find out the appropriate word in each case.

The true (3) of rights is duty. If we all (4) our duties, rights will not be (5) to seek. If leaving duties unperformed we run after rights, they will evade us like an elusive person. The more we pursue them, the farther will they fly.

**Q.3.** (1) end (2) source (3) joy (4) purpose (5) power

**Q.4.** (1) deny (2) devote (3) discharge (4) imagine (5) fulfill

**Q.5.** (1) far (2) close (3) easy (4) against (5) common

## संख्यात्मक अभियोग्यता

यह प्रश्नावली संख्यात्मक गणनाओं, जैसे संगणन, संख्यात्मक तर्कसंगतता, सारणियों एवं आलेखों से निष्कर्ष निकालना आदि में आपकी गति एवं शुद्धता की जाँच के लिये है ।

**प्र.1.** सोहनलाल ने रु. 100 प्रति रीम से पेपर के 120 रीम खरीदे । ढुलाई पर खर्च रु. 480 था । उसे 50 पैसे प्रति रीम का चुंगी शुल्क और कुली को रु. 60 का भुगतान करना पड़ा । यदि वह 20% का लाभ चाहता हो तो प्रत्येक रीम का बिक्री मूल्य क्या होना चाहिए ?

(1) रु. 126 (2) रु. 115.50 (3) रु. 105 (4) रु. 120 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** किसी विशेष जमा पर एक वर्ष में 9% प्रति वर्ष की दर से ब्याज रु.405 है । उसी जमा पर एक वर्ष में 10% प्रति वर्ष की दर से अतिरिक्त ब्याज कितना होगा ?

(1) रु. 40.50 (2) रु. 450 (3) रु. 855 (4) रु. 45 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

इसके अतिरिक्त आलेखों और सारणियों पर भी कुछ प्रश्न पूछे जा सकते हैं ।

**प्र.3-5.** **निर्देश** : नीचे सारणी में कुल 700 में से कर्मचारियों का प्रतिशत दर्शाया गया है जो 6 विशेषताओं को दी गयी श्रेणियों के आधार पर है जिनसे पदोन्नति में सहायता मिलती है । श्रेणी । सबसे अधिक है । सारणी का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिये तथा उसके नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर दें :

| | % विभिन्न श्रेणियां देने वाले कर्मचारियों का प्रतिशत | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विशेषता | I | II | III | IV | V | VI |
| वरिष्ठता | 32 | 17 | 22 | 19 | 5 | 5 |
| अध्यवसाय | 14 | 19 | 17 | 9 | 27 | 14 |
| कार्य निपुणता | 15 | 19 | 21 | 14 | 14 | 17 |
| बुद्धिमत्ता | 10 | 14 | 10 | 14 | 17 | 35 |
| ईमानदारी | 24 | 17 | 7 | 9 | 27 | 16 |
| सामाजिकता | 5 | 14 | 23 | 35 | 10 | 13 |

**प्र.3.** पदोन्नति के लिए किस विशेषता को सर्वोच्च श्रेणी मिली है ?

(1) अध्यवसाय (2) वरिष्ठता (3) ईमानदारी (4) सामाजिकता (5) कार्य निपुणता

**प्र.4.** कितने कर्मचारियों ने बुद्धिमता को श्रेणी III दी हैं ?

(1) 119 (2) 98 (3) 77 (4) 70 (5) 10

**प्र.5.** पदोन्नति के लिए सबसे कम महत्त्वपूर्ण विशेषता किसे माना गया है ?

(1) ईमानदारी (2) बुद्धिमत्ता (3) अध्यवसाय (4) कार्य निपुणता (5) सामाजिकता

## तर्कशक्ति

यह प्रश्नावली यह देखने के लिए है कि आप कितनी अच्छी तरह से सोच सकते हैं । इसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न होंगे । यहाँ नमूना के तौर पर प्रश्न दिये हैं ।

**प्र.1.** TOPS के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके यदि O से शुरु होनेवाला कोई सार्थक शब्द बनाया जा सके तो उस शब्द का अंतिम अक्षर आपका उत्तर है। यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हों तो उत्तर है M और यदि कोई शब्द न बन सकता हो तो उत्तर है X ।

(1) T (2) P (3) M (4) S (5) X

**प्र.2.** 'कुछ नेता बेईमान होते हैं । सत्यप्रिय नेता है ।' इन दो कथनों से निम्नलिखित में से कौन सा निश्चित निष्कर्ष निकलता है ?

(1) सत्यप्रिय ईमानदार है (2) सत्यप्रिय बेईमान है (3) कुछ नेता ईमानदार होते हैं
(4) नेता सामान्यतः बेईमान होते हैं (5) सत्यप्रिय कभी-कभी बेईमान हो जाते हैं

**प्र.3-5.** नीचे दी गई जानकारी पढ़कर इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए ?
एक प्रसिध्द नाटककार के छह नाटक A, B, C, D, E और F सोमवार से शनिवार तक हर दिन एक खेला जाएगा । नाटकों का कार्यक्रम निम्नलिखित के अनुसार होगा ।
(1) जिस दिन E खेला जाए, A उससे पूर्ववर्ती दिन को खेला जाना चाहिए
(2) C मंगलवार को नहीं खेला जाना चाहिए
(3) B उस दिन होना चाहिए जो F के मंथन के बाद वाला दिन हो
(4) D केवल शुक्रवार को खेला जाना चाहिए और उसीसे तुरंत पहले B नहीं खेला जाना चाहिए
(5) E कार्यक्रम के अंतिम दिन नहीं खेला जाना चाहिए

**प्र.3.** सोमवार से खेले जाने के क्रम में नाटकों का कार्यक्रम निम्नलिखित में से कौन सा है ?
(1) E A B F D C (2) A F B E D C (3) A F B C D E
(4) F A B E D C (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4.** नाटक C मंगलवार के अतिरिक्त निश्चित रुप से निम्नलिखित में से किस दिन नहीं खेला जा सकता है ?
(1) सोमवार (2) बुधवार (3) गुरुवार (4) शुक्रवार (5) शनिवार

**प्र.5.** नाटक D नाटकों के निम्नलिखित में से किस जोड़े के बीच है ?
(1) C एवं E (2) E एवं F (3) A एवं E (4) B एवं E (5) C एवं F

## पेपर II

इस प्रश्नावली में विज्ञप्ति में दिए गए विषयों पर बहुविकल्प प्रकार के प्रश्न पुछें जाएंगे ।

## सामान्य

**प्र.1.** कीमतें कितनी तेज़ी से बढ़ रही हैं, इसे मापने के तरीके को ______ कहा जाता है।
(1) वास्तविक GDPकी वृद्धि दर (2) मुद्रास्फीति दर (3) बेरोजगारी दर
(4) मार्केट-क्लियरिंग दर (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** एक अचल आस्ति जिसकी कीमत रु. 100,000 है, उसका बही मूल्य रु. 40,000 है। इसे रु. 10,000 में बेचा जाता है। आस्ति को बेचते समय मूल्यह्रास के लिए प्रावधान कितना है ?
(1) रु. 60,000 (2) रु. 50,000 (3) रु. 40,000
(4) रु. 30,000 (5) रु. 10,000

**प्र.3.** समष्टि अर्थशास्त्र में, महंगाई और बेरोज़गारी के बीच प्रतिलोम (inverse) संबंध को आमतौर पर ________के रूप में नाम से जाना जाता है।
(1) लॉरेंज वक्र (2) लाफर (Laffer) वक्र (3) फिलिप्स वक्र (4) ऑफर वक्र (5) यील्ड वक्र

## विधिक

**प्र.1.** संविधान के अनुच्छेद 248 के तहत कानून बनाने की अवशिष्ट शक्तियाँ किसके पास हैं ?
(1) केंद्र सरकार (2) राज्य विधानमंडल (3) संसद
(4) एक्जिक्यूटिव (5) न्यायपालिका

**प्र.2.** संविदा अधिनियम की धारा 48 के तहत, प्रत्येक विशेष मामले में प्रश्न "सही समय और जगह क्या है" _____ है ।
(1) विधि का प्रश्न (2) आचरण का प्रश्न (3) तथ्य का प्रश्न
(4) कंडीशन का प्रश्न (5) परिस्थितियों (circumstances) का प्रश्न

**प्र.3.** संपत्ति का अंतरण अधिनियम की धारा 54 के तहत "बिक्री हेतु संविदा" शब्द के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है :
(1) यह चल संपत्ति की बिक्री है
(2) यह ऋणग्रस्त संपत्ति की बिक्री है
(3) यह केवल हित की बिक्री हेतु संविदा है
(4) यह एक मौखिक समझ है
(5) यह एक संविदा है कि संपत्ति की बिक्री पक्षों के बीच तय शर्तों पर होगी और यह अपने आप ऐसी किसी संपत्ति पर कोई हित या प्रभार सृजित नहीं करता है

## अनुसंधान

**प्र.1.** लैफर (Laffer) कर्व __________का ग्राफिकल रिप्रेजेंटेशन है ।

(1) टैक्स दरों और इन दरों से सरकार को होने वाली कुल कमाई के बीच संबंध
(2) किसी अर्थव्यवस्था में बेरोज़गारी की दर और मुद्रास्फीति की दर के बीच उल्टा संबंध
(3) आय संवितरण में असमानता
(4) पर्यावरण गुणवत्ता और आथिक विकास के बीच संबंध
(5) दिए गए विकल्पों में से कोई नहीं

**प्र.2.** अगर किसी ऑर्गनाइज़ेशन के शोधकर्ता किसी स्टडी में हिस्सा लेने के लिए मस्टर लिस्ट से 250 कर्मचारियों को रैंडम रूप से चुनते हैं, तो यह ______ का एक उदाहरण है।

(1) कोटा सैंपलिंग (2) कंविएन्स सैंपलिंग (3) प्रोबेबलिटी सैंपलिंग
(4) नॉन-प्रोबेबलिटी सैंपलिंग (5) स्नोबॉल सैंपलिंग

**प्र.3.** वास्तविक विनिमय दर तब स्थिर रहती है जब नोमिनल विनिमय दर _____ की बराबर दर से बढ़ती है ।

(1) मुद्रास्फीति दर प्लस वास्तविक ब्याज दर
(2) नोमिनल ब्याज दर, यह मानते हुए कि फिशर सिद्धांत लागू होता है
(3) मुद्रा आपूर्ति की वृद्धि दर और मुद्रास्फीति की दर के बीच का अंतर
(4) वास्तविक और नोमिनल मुद्रास्फीति दरों के बीच अंतर
(5) विदेशी और घरेलू मुद्रास्फीति दरों के बीच के अंतर

## इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रिकल)

**प्र.1.** हाई-प्रिसिशन व्हीटस्टोन ब्रिज ______ के रेजिस्टेंस को मापने में सक्षम होते हैं।

(1) 1Ω **और** 1MΩ **के बीच** (2) 100Ω और 100MΩ के बीच (3) 1MΩ और 100MΩ के बीच
(4) 10MΩ और 100MΩ के बीच (5) केवल 100MΩ से अधिक

**प्र.2.** केबल्स में, विस्कोसिटी बढ़ाने और ड्रेनेज को रोकने के लिए स्ट्रेस ______ पर अधिकतम और _______ पर न्यूनतम होता है।

(1) शीथ ; कंडक्टर (2) कोर ; शीथ (3) **कंडक्टर ; शीथ**
(4) कोर ; कंडक्टर (5) इंटर-शीथ; कोर

**प्र.3.** DC जेनरेटर के आर्मेचर कोर को लैमिनेट करके किस नुकसान को कम किया जा सकता है?

(1) हिस्टेरेसिस लॉस और एडी करंट लॉस (2) केवल कॉपर लॉस **(3) केवल एडी करंट लॉस**
(4) केवल हिस्टेरेसिस लॉस (5) विंडेज लॉस और फ्रिक्शनल लॉस

## इंजीनियरिंग (सिविल)

**प्र.1.** सिरों पर फिक्स्ड और स्पैन l वाले यूनिफॉर्म बीम का, सेंट्रल पॉइंट लोड P के अधीन, फिक्स्ड एंड मोमेंट _______ होता है।

(1) Pl/2 (2) Pl/5 (3) Pl/12 (4) Pl/16 (5) Pl/8

**प्र.2.** R.C.C. सर्कुलर कॉलम में प्रदान की जाने वाली मुख्य स्टील बार की न्यूनतम संख्या ______ है।

(1) 6 (2) 4 (3) 8 (4) 10 (5) 12

**प्र.3.** एक पाइल को 1800 kg वज़न वाले और 1.00 m की फ्री फॉल वाले ड्रॉप हैमर के साथ चलाया जा रहा है। अगर आखिरी ब्लो से पेनिट्रेशन 5 mm है, तो इंजीनियरिंग न्यूज़ फ़ॉर्मूले के अनुसार पाइल की लोड उठाने की क्षमता ______होगी।

(1) 10 टन (2) 20 टन (3) 30 टन (4) 50 टन (5) 100 टन

## राजभाषा

**प्र.1.** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार 'हिंदी' संघ की राजभाषा है?

(1) अनुच्छेद 120 (2) अनुच्छेद 210 (3) अनुच्छेद 343 (4) अनुच्छेद 348 (5) अनुच्छेद 351

**प्र.2.** निम्नलिखित **अंग्रेजी** वाक्य का सबसे उपयुक्त **हिंदी** अनुवाद चुनिए।

"This may please be treated as urgent"

(1) कृपया इसे अविलंबनीय समझें (2) कृपया इसे तत्काल लागू किया जाए
(3) कृपया इसे अनिवार्य माना किया जाए (4) इसे आग्रहपूर्वक समझें
(5) कृपया इसे अविलंबनीय लागू किया जाए

**प्र..3** निम्नलिखित**अंग्रेजी** पारिभाषिक शब्द हेतु उपयुक्त **हिंदी** पारिभाषिक शब्द चुनिए।

Outgo

1) लाभ (2खर्च (3निवेश प्राप्य (4 (5आहरण

**प्र.** .4 निम्नलिखित **हिंदी** पारिभाषिक शब्द हेतु उपयुक्त **अंग्रेजी** पारिभाषिक शब्द चुनिए।
ग्राहक
(1Depositor    2) Creditor    3) Loanee    4) Client    5) Obligor

## सूचना प्रौद्योगिकी

**प्र.1.** निम्न पायथन प्रोग्राम का आउटपुट क्या है?

```
T = (1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8)
print(T[T.index(5)], end = " ")
print(T[T[T[6]-3]-6])
```

(1) 4 2    (2) 4 1    (3) IndexError    (4) 4 0    (5) 5 8

**प्र.2.** ____________ पद्धति जावा को रन-टाइम पॉलीमोर्फिज़्म सपोर्ट हेतु अनुमत करती है।
(1) अंडररिडन (Underridden)    (2) एब्स्ट्रेक्ट    (3) बिटमैप    (4) बूटस्ट्रैप    (5) ओवररिडन

**प्र.3.** निम्न कोड में क्या एरर है ?

```
#include <iostream>
using namespace std;
class a
{
int a=10;
void print();
};
int main(){
return 0;
}
```

(1) कोई एरर नहीं    (2) Function print() डिफ़ाइन होना चाहिए    (3) Print 10
(4) Print 0    (5) क्लास a में कंस्ट्रक्टर होना चाहिए

**(अ) ऑन-लाईन परीक्षा पैटर्न का विवरण :**

(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी ।

(2) अंग्रेजी भाषा तथा राजभाषा विधा के पेपर-II के प्रश्नों के अतिरिक्त सभी प्रश्न अंग्रेजी व हिन्दी में होंगे ।

(3) सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे । प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा । **उम्मीदवार के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर उसे उस विकल्प को 'माउसक्लिक' करना है जो उसे उपयुक्त/सही लगता है । क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा । किसी भी प्रश्न का उत्तर, अंकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" अथवा "Mark for Review & Next" के साथ सेव किया हो ।**

(4) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए परीक्षा पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा । घड़ी पूरी तरह चल जाने पर परीक्षा का समय स्वतः पूरा हो जाता है आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है ।

(5) स्क्रीन पर दांए प्रश्न पैलेट प्रत्येक क्रमांकित प्रश्न का निम्नलिखित में से एक स्टेटस दर्शाता है :

1 आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।

2 आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।

3 आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।

4 आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है।

5 प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा।

रिव्यू के लिए मार्क स्टेटस महज रिमाइंडर का काम करता है कि आपने फिर से देखने के लिए प्रश्न सेट किया है । रिव्यू के लिए मार्क किए गए प्रश्न का उत्तर चुना जाता है तो इस उत्तर पर अंतिम मूल्यांकन में सम्मिलित किया जाएगा ।

(6) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है :

(क) उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन के दांए प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए । नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है ।

(ख) वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Save & Next'** पर क्लिक कीजिए।

(ग) वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे रिव्यू हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review & Next'** पर क्लिक कीजिए ।

(7) अपना उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए ।

(8) अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए ।

(9) अपना उत्तर सेव करने के लिए आपको **Save & Next** पर क्लिक करना चाहिए ।

(10) चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए।

(11) रिव्यू के लिए प्रश्न मार्क करने के लिए **Mark for Review & Next** पर क्लिक कीजिए । यदि मार्कड फोर रिव्यू प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

(12) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए ।

(13) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'सेव' या 'रिव्यू के लिए मार्क' किए गए हैं, सिर्फ वही प्रश्न मूल्यांकन के लिए कन्सिडर किए जाएंगे।**

(14) स्क्रीन के टॉप बार पर सेक्शन्स डिस्प्ले किए जाएंगे । सेक्शन के नाम पर क्लिक करके सेक्शन्स के प्रश्न देखे जा सकते हैं । जो सेक्शन आप देखेंगे वह हाइलाइट होगा ।

(15) किसी सेक्शन के अंतिम प्रश्न पर **Save & Next** बटन क्लिक करने के बाद आप आटोमैटिकली अगले सेक्शन के पहले प्रश्न पर पहुंच जाएंगे ।

(16) सेक्शन के प्रश्नों के स्टेटस को देखने के लिए सेक्शनों के नामों पर आप माउस कर्सर मूव कर सकते हैं ।

(17) आप किसी विशिष्ट पेपर के प्रश्नों के बीच उस पेपर के लिये आबंटित समय के दौरान ही शफल कर सकते हैं।

(18) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें । यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार भा. प्र. वि. बो. द्वारा निर्णीत अवधि के लिए परीक्षाओं में बैठने से डिबारमेंट के लिए पात्र होगा।

(19) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है । परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा ।

(20) 100 मिनट की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे। उम्मीदवार ने 'सबमिट' बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वतः सेव कर लिए जाएंगे ।

(21) **कृपया नोट करें :-**

(a) **परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को "फाइनली सबमिट" करने नहीं दिया जाएगा ।**

(b) **एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्योंकि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।**

**(ब) सामान्य निर्देश :**

(1) कृपया बुलावा पत्र में तारीख, समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें ।

(2) परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर रिपोर्ट कर सकें (जो कॉल लेटर में प्रिंट किया गया हो) । देर से आने वालो कों अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर बुलावा पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए। (अच्छा होगा कि वही फोटो चिपकायें, जिसे पंजीकरण के समय अपलोड किया गया हो ।)

(4) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और भा. प्र. वि. बो. प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा ।

(5) परीक्षा के दौरान कैल्क्युलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस, सेल फोन (कैमेरा सहित या रहित) या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी । सामान्य, अनुसंधान, अभियांत्रिकी (इलेक्ट्रिकल तथा सिविल) के पेपर 2 मे सरल कैलकुलेटर का प्रयोग करने की अनुमति है। ऐसा कैलकुलेटर स्क्रीन पर ऑनलाइन केवल सामान्य, अनुसंधान, अभियांत्रिकी (इलेक्ट्रिकल तथा सिविल) उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध होगा।

(6) आपके अपने फोटोग्राफ को बुलावा पत्र पर चिपकाकर उसे मूलरूप में वर्तमान में वैध फोटोयुक्त पहचान का प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी के साथ लाएं - **यह अनिवार्य है । कृपया बुलावा पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटो कापी समुचित रूप से स्टेपल करके परीक्षा के अंत में पर्यवेक्षक को सौंप दें ।** वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण हैं- **पैनकार्ड/पासपोर्ट/स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/फोटोग्राफ वाले वोटर्स कार्ड/ फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटरहेड पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा फोटो के साथ जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारिक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा फोटो के साथ जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/आधार कार्ड/फोटो युक्त ई-आधार कार्ड/कर्मचारी का मूल पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार कौंसिल पहचान पत्र । कृपया नोट करें - राशन कार्ड**

**और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा ।** कृपया ध्यान दें कि बुलावा पत्र पर लिखा गया आपका नाम फोटो पहचान प्रूफ पर दिखते नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए । महिला उम्मीदवार जिन्होंने शादी के पश्चात अपने पहला/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पक्ष का विशेष ध्यान दें । बुलावा पत्र पर दिए गए नाम और फोटो पहचान प्रूफ में यदि जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा ।

(7) भा. प्र. वि. बो. द्वारा ऐसे दोषी अभ्यर्थी या घोषित किए गए ऐसे अभ्यर्थी, जिसने फर्जी परीक्षा दी हो, या नकली दस्तावेज बनाया/बनाये हो/हों जिनके/जिसके साथ छेडछाड की गई हो, या गलत या झूठे कथन दिए हों, या महत्त्वपूर्ण जानकारी छिपाई हो, या परीक्षा में प्रवेश पाने हेतु किसी अनियमित या गलत साधन का सहारा लिया हो, या परीक्षा भवन में अनुचित साधनों के प्रयोग का प्रयास किया हो, या परीक्षा भवन में दुर्व्यवहार किया हो, को स्थायी रूप से या भा. प्र. वि. बो. द्वारा एक विनिर्दिष्ट अवधि हेतु, अभ्यर्थियों के चयन के लिए, उसके द्वारा आयोजित किसी भी साक्षात्कार में शामिल होने या किसी भी परीक्षा में प्रवेश से वंचित किया जा सकता है । भा. प्र. वि. बो. ऐसे अभ्यर्थियों के विरुद्ध, जैसा आवश्यक समझा जाए, आगे की कार्रवाई कर सकता है ।

(8) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीद्वारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा, यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीद्वारी रद्द की जा सकती है । नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ भा. प्र. वि. बो. उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है ।

(9) आपको अपने साथ एक बाल-पाइंट पेन लाना चाहिए । आप अपने साथ इंक स्टाम्प पैड (नीला/काला) ला सकते है। परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपके कागज का एक पन्ना दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको कागज का यह पन्ना पर्यवेक्षक को सौंप देना है ।

(10) परीक्षा के प्रशासन में कुछ एक समस्या होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता, जो कि परीक्षा संचालन और/अथवा सृजित करने की कठिनाई के तौर में सामने आ सकती है । ऐसी स्थिति में इन समस्याओं के समाधान का पूरा प्रयास किया जायेगा, जिसमें उम्मीदवारों के मूवमैंट, परीक्षा में विलम्ब होना शामिल है। पुनः परीक्षा का आयोजन स्पष्ट रूप से परीक्षा संचालन के विवेक पर निर्भर है। उम्मीदवार पुनः परीक्षा के लिए किसी प्रकार का दावा नहीं कर सकेंगे । परीक्षा संचालन की विलम्बित प्रक्रिया में उम्मीदवारों के मूव करने की इच्छा नहीं होने अथवा भाग लेने की इच्छा नहीं होने पर उन्हें प्रक्रिया से सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जायेगा ।

(11) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में किसी भी पद/विधा के लिये आयोजित होती हैं तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियो कि डिफिकल्टी स्तर के अंतर को एड्जस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा । यदि सेंटर पर किसी अभ्यर्थी के लिए नोड क्षमता कम है या कोई तकनीकी खामी होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है ।

(12) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है ।

(13) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, उम्मीदवार द्वारा गलत सूचना प्रदान करने और/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामले में, उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और भविष्य में उसे भा. प्र. वि. बो. की किसी भी भरती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी । यदि ऐसे मामलें का वर्तमान चयन प्रक्रिया में पता नहीं चलता है लेकिन बाद में पता चलता है तो ऐसी अयोग्यता को पूर्वव्यापी प्रक्रिया से लागू किया जाएगा ।

(14) (i) परीक्षा लेखक (स्क्राइब) की सुविधा लेने के इच्छुक शारीरिक रूप से निःशक्त अभ्यर्थियों को भा. प्र. वि. बो. की वेबसाइट पर उपलब्ध विज्ञापन को विस्तारपूर्वक देखना चाहिए तथा ध्यानपूर्वक निर्देशों को पढना चाहिए ।

(ii) ऐसे अभ्यर्थियों को एक संयुक्त वचन/घोषणा प्रपत्र (परीक्षा लेखक (स्क्राइब) घोषणा पत्र) भी जमा करना चाहिए जिसे भा. प्र. वि. बो. की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है ।

(15) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे "The Public Examinations (Prevention of Unfair Means) Act, 2024" तथा उसके नियमों पर ध्यान दें ।

## आपको शुभकामनायें !